एक नजर में

इंडियन कोस्ट गार्ड-डे पर गतिविधियां

राजगढ़ 04 फरवरी, का. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्राचार्य डॉ. वीबी खरे के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत इंडियन कोस्ट गार्ड-डे एवं वर्ल्ड वेटलैंड डे से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. खरे ने कहा कि आज के विद्यार्थियों के लिए करियर निर्माण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है. इंडियन कोस्ट गार्ड जैसे अनुशासित बलों में करियर न केवल रोजगार प्रदान करता है, बल्कि राष्ट्रसेवा का अवसर भी देता है. वहीं आर्द्र भूमि का संरक्षण सतत विकास के लिए अनिवार्य है. उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु उपयोगी बताया. कार्यक्रम के दौरान कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रानू खरेलिया ने विद्यार्थियों को इंडियनकोस्टगार्ड में उपलब्ध करियर अवसरों, चयन प्रक्रिया एवं आवश्यक योग्यताओं की जानकारी दी. वर्ल्ड वेटलैंड डे के अवसर पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रसारित लाइव वीडियो का भी कार्यक्रम स्थल पर प्रसारण किया गया. जिससे विद्यार्थियों को आर्द्र भूमि संरक्षण के वैश्विक प्रयासों की जानकारी मिली. कार्यक्रम का सफल संचालन जया मोदी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन आराधना यादव ने किया. आयोजन में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही और कार्यक्रम को अत्यंत सफल बताया गया.

सैनिक एवं सुपरवाइजर भर्ती कैंप आयोजित

राजगढ़ 04 फरवरी, का. भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली व जिला रोजगार कार्यालय राजगढ़ के सहयोग से एवं एनडीआरएफ के तहत भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के तहत एस आई एस के संयुक्त तत्वधान में राजगढ़ जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु भर्ती कैंप का आयोजन किया जाएगा. जिसमें सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर द्वारा 07 फरवरी, 2026 को न्यू तहसील आजीविका भवन ब्यावरा, 09 फरवरी को जनपद पंचायत नरसिंहगढ में, 10फरवरीको जनपद पंचायत राजगढ़ में, 11 फरवरीको जनपद पंचायत जीरापुर में, 12 फरवरी को जनपद पंचायत खिलचीपुर में, 13 फरवरी को शासकीय आईटीआई राजगढ़ में, 14फरवरी, 2026 को आजीविका भवन सारंगपुर में भर्ती कैंप शिविर का आयोजन प्रात: 11 से 3 तक किया जाएगा. इस हेतु अभ्यर्थी जिनकी योग्यता 10 वीं पास या फेल आयु 19 से 40 वर्ष ऊंचाई 168 सेंटीमीटर एवं सुरक्षा सुपरवाइजर 12 वीं पास कंप्यूटर कोर्स एनसीसी आयु 21 से 40 वर्ष ऊंचाई 170 से.मी. वजन 56 किलो से 90 किलो सीना 80 से 85 सेंटीमीटर आवेदन कर सकते हैं. उक्त तिथियां में दसवीं की छाया प्रति एवं फोटो रजिस्ट्रेशन शुल्क 350 रूपये चयनित उम्मीदवार के द्वारा ऑनलाइन जमा करना होगा. इसमें एक माह का प्रशिक्षण देकर 65 वर्ष की स्थाई नौकरी दी जाएगी. औद्योगिक क्षेत्र जैसे दिल्ली का लाल किला, खजुराहो का मंदिर, सांची का स्तूप, भोपाल एम्स, इंदौर का एयरपोर्ट, चित्तौड़ का किला, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, अयोध्या का राम मंदिर, बागेश्वर धाम में 14 हजार रूपये से 25 हजार रूपये के मासिक वेतन पर रखा जाएगा.

परेशानी बन रहे कानफोड़ू डीजे

परीक्षाकाल में बिना सरकारी भय रोकटोक तेज आवाजों में बज रहे डीजे साउंड

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 04 फरवरी, का. बोर्ड परीक्षाओं के टाईम टेबल जारी हो चुके है. विद्यार्थी मनायोग से परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे है. स्कूलों में शिक्षक एक्स्ट्रा क्लास में बेहतर परिणाम के मेहनत कर रहे है. लेकिन इस तैयारियों की इस लय और एकाग्रता को डीजे और साउण्ड सिस्टम बिगाड़ने में लगे है. प्रतिबंधों के बावजूद जिले में डीजे साउण्ड हर कहीं बजते हुए नजर आ रहे है. इससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है. बड़ी बात यह है कि प्रशासन और पुलिस सूचनाएं जारी कर चुका है लेकिन स्थानीय स्तर पर इन पर रोक नहीं लगाई जा सकी है. उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षाएं नजदीक है और ऐसे में जिले भर में सड़कों, रिहायशी ईलाकों में डीजे साउण्ड निर्धारित डेसिबल केपिसिटी से भी ज्यादा मात्रा में बजाए जा रहे है. कोलाहल और शोरगुल मचाते हुए ये डीजे वातावरण तो खराब कर ही रहे है बच्चों की पढ़ाई में भी खलल हो रहा है. समय रहते प्रशासन और पुलिस को इन पर रोक लगानी चाहिए.

कानों के पर्दे फाड़ सकता है 120 से 250 डेसिबल का साउंड

विशेषज्ञों के अनुसार 0 से 25 डेसीबल सामान्य श्रेणी है, इतनी आवाज में सुनने से कोई दिक्कत नहीं होती है. 26 से 40 तक हर व्यक्ति सुन रहा है जिसमें किसी के कान में दिक्कत हो सकती है. आवाज 41 से 55 डेसिबल तक है तो लंबे समय तक सुनना घातक हो सकता है. जबकि डीजे की आवाज 120 डेसिबल से 250 तक रहती जो एकाएक कान में गूंजे तो कान का पर्दा फट सकता और सुनने की क्षमता जा सकती है.

रिहायशी इलाकों में लगे पूर्ण प्रतिबंध

अमूमन तौर पर शादियों में बजने वाला डीजे बहुत अधिक आवाज के साथ रिहायशी ईलाकों में आयोजों में भी बजाया जाता है. परीक्षाकाल में इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने की जरूरत है. साथ ही बुजुर्गों की सेहत के लिए भी इतनी ध्वनि खतरनाक है. सखती से कार्यवाही हो तो अपने आप यह नियंत्रण में आ जाएगा.

आगामी दिनों में होने वाले बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए, सभी से विनम्र निवेदन है कि बच्चों के हित में ध्वनि संबंधी उपकरणों को नियंत्रित और सीमित समय के लिए चलाएं. यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, शासन के आदेश का इंतजार न करें. आइए, साथ मिलकर बच्चों के भविष्य निर्माण में सहयोगी बनें.

ए. साहा
डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर
सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन

घातक है तेज आवाज

तेज आवाज से कानों की सुनने की क्षमता कम हो सकती है, सिरदर्द, चक्कर, अनिद्रा और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ती है. तेज ध्वनि के संपर्क में रहने से मानसिक तनाव और हार्ट संबंधी गम्भीर समस्या भी हो सकती हैं.

डॉ योगेश दांगी
एमडी, राजगढ़

दूसरे चरण में नोटिस मिलने के बाद लोगों में हड़कंप की स्थिति

एसआईआर : अब भूल सुधार के लिए जमा हो रहे लोग, 490 को नोटिस

नवभारत न्यूज

पड़ाना 04 फरवरी, सं. विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत जारी किए जा रहे नोटिस को लेकर क्षेत्र में आम मतदाताओं में भ्रम की स्थिति बनी हुई है. जिसकी वजह से 4 फरवरी बुधवार को पडाना ग्राम पंचायत में मिस मैचिंग मतदाताओं के लिए बीएलओ द्वारा त्रुटि सुधार हेतु नोटिस जारी किए गए थे. जिसको लेकर के नोटिस प्राप्त मतदाताओं के अपार भीड़ लग गई. जिससे क्षेत्र के युवा मतदाताओं में भूम डर उत्पन्न हो

रहा है.जांच के दौरान सारंगपुर सीईओ हेमेंद्र गोविल पड़ाना मतदान केंद्र के बीएलओ अनीश अंसारी मोहम्मद तारीक अंसारी चंद्रेश सक्सेना व अन्य बीएलओ ने नाम में अंतर एवं अन्य प्रकार के त्रुटियां को ठीक करने के लिए आवेदन प्राप्त किया.

जिससे नगर के तमाम युवा मतदाता ग्राम पंचायत पड़ाना में एकत्रित होकर अपनी बारी का इंतजार करते वक्त आपस में कहांसुनी वह विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई. जिससे युवा मतदाताओं में अपने नाम को सही करवाने की होड़ लग गई. तीन बीएलऔ पर 490 मतदाताओं को नोटिस जारी किए थे.

विश्व कैंसर दिवस : 1200 से अधिक लोगों की हुई जांच

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 04 फरवरी, का. जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में जिलेभर में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया. इन शिविरों के माध्यम से न केवल कैंसर संभावित मरीजों की पहचान की गई, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक भी किया गया. स्वास्थ्य विभाग की पहल पर जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उपस्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों और जिला अस्पताल में विशेष शिविर लगाए गए. प्रभारी डीपीएम सुनील वर्मा ने जानकारी दी कि पूरे जिले में 1200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपचार और परामर्श दिया गया. इस दौरान विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं की भी स्वास्थ्य जांच की गई. मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने समय पर जांच के महत्व पर जोर देते हुए कहा, कैंसर जैसी बीमारी का यदि प्रथम चरण में पता चल जाए, तो इसका सफल उपचार पूरी तरह संभव है. विशेषकर महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल और स्तन कैंसर की समय रहते पहचान उनकी जान बचा सकती है. जिला अस्पताल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने आमजन को कैंसर के खतरों से आगाह किया. कैंसर नोडल अधिकारी डॉ. आर.के. कठेरिया ने बताया कि गलत जीवनशैली कैंसर का बड़ा कारण है. उन्होंने कहा कि शराब, सिगरेट और तंबाकू का सेवन कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा देता है. शरीर में किसी भी असामान्य गांठ या परिवर्तन को नजरअंदाज न करें.

मौलाना आजाद मेमोरियल स्कूल को मिली इंग्लिश मीडियम की मान्यता

नवभारत न्यूज, सारंगपुर 04 फरवरी, सं. शहर के मौलाना आजाद मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल को इंग्लिश मीडियम की मान्यता मिल गई है. प्राचार्य मुबारक खान मंसूरी ने जानकारी देते हुवे बताया कि मौलाना आजाद मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल पूर्व में हिंदी मीडियम था. जिसके चलते कक्षा नौवीं के बाद अंग्रेजी मीडियम के लिए छात्र-छात्राओं को अन्य जगह अपने आगे की पढ़ाई के लिए जाना पड़ता था. लेकिन अब कक्षा नौवीं से 12वीं तक मौलाना आजाद स्कूल संस्था को शिक्षा विभाग द्वारा अंग्रेजी मीडियम की मान्यता दी है जिससे छात्र-छात्राओं को शहर के बीच ही अंग्रेजी मीडियम की सुविधा मिलेगी. वही मौलाना आजाद मेमोरियल एजुकेशन सोसाइटी अध्यक्ष अनवार अहमद लोदी, समिति के एड.वली मोहम्मद मंसूरी,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. अली,अल्ताफ अहमद खान, डॉ. शेख मो. रफीक, डॉ. इरशाद अहमद अंसारी आदि ने भी शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया.

कदम के पौधे लगाकर मनाई 50वीं सालगिरह

श्रीरामपुरिया हनुमान मंदिर पर लगाए 21 कदम के पेड़

नवभारत न्यूज

पचोर 04 फरवरी, सं. नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया के पिताश्री वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी द्वारका प्रसाद करोड़िया श्रीमती कृष्ण करोड़िया की 50 वीं सालगिरह पर पर परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. इस अवसर पर शादी की 50 सालगिरह पर श्रीरामपुरिया हनुमान मंदिर पर 21 कदम के पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर शादी की सालगिरह मनाई गई.

शादी की 50 वीं सालगिरह पर श्री रामपुरिया हनुमान मंदिर पर आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों जनप्रतिनिधियों रिश्तेदारों ने श्री द्वारका प्रसाद करोड़िया श्रीमती कृष्ण करोड़िया

को 50 वीं सालगिरह की मंगलमय बधाई शुभकामनाएं देते हुए उन्हें शतायु होने की शुभकामनाएं दी. नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने सभी गणमान्य नागरिकों जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया.

संवैधानिक मूल्य 'न्याय' पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 04 फरवरी, का. अहिंसा के पीस वॉलेंटियर यूवाओ के साथ संवैधानिक मूल्य न्याय पर गहन चर्चा करते हुए एक क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला में 20 पीस वॉलेंटियर्स ने सक्रिय सहभागिता की. कार्यशाला के दौरान यह निर्णय लिया गया कि सभी पीस वॉलेंटियर अपने-अपने 20 गाँवों में 20 20 युवाओं के साथ संवैधानिक मूल्यों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

करेंगे. इसका उद्देश्य युवाओं को संविधान के मूल्यों से परिचित कराना, उन्हें समझाना और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना है. ये युवा अपने गाँवों में विशेष रूप से भेदभाव, कुरीतियाँ, नशा जैसे सामाजिक मुद्दों पर संवैधानिक मूल्यों के आधार पर निरंतर संवाद और बैठकों के माध्यम से कार्य करेंगे.

उल्लेखनीय है कि ये सभी युवा पिछले एक माह से अहिंसा के पीस वॉलेंटियर नेटवर्क से जुड़े हैं और अभी अपनी समझ को मजबूत करते हुए गाँव स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं. आने वाले समय में ये पीस वॉलेंटियर गाँवों में 400 से अधिक युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे, ताकि गाँवों में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके और बच्चों व युवाओं का भविष्य अधिक न्यायपूर्ण, समावेशी और सशक्त बनाया जा सके.

घनश्याम जाटव बृजवासी संघ के महासचिव नियुक्त

नवभारत न्यूज, तलेन 04 फरवरी, सं. समाजसेवी घनश्याम जाटव को जाटव बृजवासी समाज कल्याण समिति संघ चौरासी मध्यप्रदेश द्वारा

महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है. संगठन की ओर से जारी नियुक्त पत्र में उनकी कर्तव्यनिष्ठा को देखत हुए दायित्व सौंपा गया है.उनकी नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कैलाशचंद्र पंडाजी, उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद, सुरेश सोनगिरा और प्रदेश सचिव देवेन्द्र वियजपुरिया की सहमति के बाद की गई है. सभी समाजजनों ने उन्हें बधाई दी है.

रबी फसल

किसान पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक, पिछले बार की तुलना में एक नया केंद्र बनाया

ई उपार्जन : पंजीयन के लिए इस बार 84 केंद्र बनाए

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 04 फरवरी, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन प्रक्रिया से संबंधित जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई थी. बैठक में रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन के लिये विगत वर्ष 2025-26 में स्थापित किये गये 84 केन्द्रों को ही रबी विपणन वर्ष 2026-27 में पंजीयन केन्द्र स्थापित करने के लिये जिले में 84 विपणन/प्राथमिक सहकारी समितियों को बनाये जाने के लिये सभी समिति सदस्यों की सहमति उपरांत निर्णय लिया गया. इसके साथ ही नापतोल समिति जो 0.50 के अंतर (जमा/घटाव) होने पर भी केवल किसान पंजीयन हेतु केन्द्र बनाये जाने का निर्णय लिया गया है. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसान पंजीयन हेतु आवेदन फार्म लेते समय ऑपरेटर एग्री टेक नम्बर अनिवार्य रूप से किसानों से लिए जाने हेतु निर्देशित किया गया. जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजगढ़ से संबद्ध संस्थाओं द्वारा वितरित किये गये ऋण की प्रविष्टि संबंधित समिति प्रबंधक द्वारा शत-प्रतिशत करेंगे. शासकीय कर्मचारियों द्वारा लिये गये लोन अमाउंट की जानकारी की सूची पृथक एजेंडा में दिये जाने के निर्देश दिये गये. गत वर्ष की खरीदी का मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक आपस में समन्वय कर गत वर्ष की खरीदी का आंकड़े मिलान कर अंतिम पत्रक एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये. इसके साथ डीएमओ एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भी समन्वय कर चना, मसूर, सरसों के आंकड़ों का मिलान कर भुगतान संबंधी कार्य योजना एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये. इसके साथ-साथ भावांतर योजना से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की प्रत्येक शिकायत की चर्चा किये जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया. सोसायटियों में संग्रहीत फर्टिलाइजर का सोसायटीवार विवरण लेकर भौतिक सत्यापन 15 दिवस में कराये जाने के निर्देश दिये गये एवं वितरण हेतु ऑनलाइन टोकन के आधार पर कराये जाने के निर्देश दिये गये. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में पंजीयन 07 फरवरी से 07 मार्च तक किया जाएगा.

संत रविदास जयंती पर किया मंदिर निर्माण का भूमि पूजन

नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 04 फरवरी, सं. रविवार विधायक हजारीलाल दांगी ने पूजा अर्चन कर संत रविदास जी महाराज का भव्य मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया. भूमि पूजन से पहले अहिरवार समाज धर्मशाला में अहीरवार समाज समिति द्वारा विधायक हजारीलाल दांगी कार्यकर्ताओं का साफा बांधकर स्वागत किया गया. इस दौरान विधायक श्री दांगी ने कहा कि संत रविदास ने समाज को एक सूत्र में बांधकर उच्च नीच का भेदभाव खत्म किया. पहले भी मेरे द्वारा 2 लाख रुपए विधायक निधि से दिये है. और अब रविदास जंयती पर 5 लाख रुपए और जल्द से जल्द देने की घोषणा करता हूं. आप सब के सहयोग से यहां मंदिर बहुत ही जल्द बनकर तैयार हो जाएगा. अहीरवाल समाज अध्यक्ष नारायण वर्मा, सचिव रूपचंद वर्मा, उपाध्यक्ष पूनमचंद वर्मा, कोषाध्यक्ष अमरलाल वर्मा आदि समस्त अहिरवार समाज के सदस्य महिला पुरुष वृद्ध, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता पार्षद प्रतिनिधी राजू वर्मा, पार्षद प्रतिनिधी घनश्याम गुप्ता, जिला संयोजक देवेंद गौड़, बबलू सोनी, लखन कलोसिया, बापूलाल दांगी जन उपस्थित रहे. इस दौरान अहिरवार समाज अध्यक्ष नारायण वर्मा ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के भव्य मंदिर का निर्माण करवाएंगे. इस दौरान अहिरवार समाज के युवा साथी मौजूद रहें.

श्रीमती नीतू मारू को मिली रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि

नवभाारत न्यूज

ब्यावरा 04 फरवरी, का. मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भोपाल की शोधार्थी श्रीमती नीतू मुकेश कुमार मारू को रसायन विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है. उन्होंने अपना शोध कार्य कुछ प्रतिस्थापित कार्बाज़ोल यौगिकों के एन-मैनीच क्षारकों का संश्लेषण विषय पर सफलतापूर्वक पूर्ण किया, जिसे विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण एवं उपयोगी माना गया. श्रीमती नीतू मारू की शोध मौखिक परीक्षा दिनांक 15 नवंबर को विश्वविद्यालय के आंतरिक एवं बाह्य परीक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुई. परीक्षा समिति ने उनके शोध कार्य का गहन मूल्यांकन करते हुए उसे पूर्णत: संतोषजनक तथा डॉक्टरेट उपाधि प्रदान करने योग्य पाया. इसके पश्चात उन्हें विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी संकाय के अंतर्गत रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि हेतु पात्र घोषित किया गया. उक्त शोध कार्य डॉ. विक्रांत जैन के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. इस शैक्षणिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन, शोध निदेशक,

विभागाध्यक्ष, शोध मार्गदर्शक डॉ. विक्रांत जैन, एमटीएम विद्यालय के संचालक डॉ. मुकेश कुमार मारू, शिक्षाविद डॉ. सुनीति राजपूत, क्षिप्रा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नवलखा सहित समस्त शिक्षकों, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने श्रीमती नीतू मारू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल शैक्षणिक, शोध एवं व्यावसायिक भविष्य की मंगलकामनाए प्रेषित की हैं.